**प्रेस नोट**
**दिनांक 12.02.2026**

## अमर उजाला द्वारा आयोजित ”गांव महोत्सव“ कार्यक्रम में पुलिस की सहभागिता–

गोण्डा। ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराने, विभिन्न विभागों की योजनाओं/सेवाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने तथा सामाजिक व कानूनी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अमर उजाला द्वारा ”गांव महोत्सव“ कार्यक्रम का आयोजन गांधी पार्क, गोण्डा में किया जा रहा है। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा प्रतिभाग कर आमजन से संवाद स्थापित किया गया। महोदय द्वारा कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजकों तथा उपस्थित छात्र–छात्राओं, अभिभावकों, संभ्रांत नागरिकों, ग्रामीणों एवं युवाओं को संबोधित कर जनपद पुलिस की कार्यप्रणाली, अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियानों तथा सामुदायिक पुलिसिंग की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं सहयोग कानून व्यवस्था की मजबूती का आधार बताया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने बढ़ रहे साइबर अपराधों के प्रति लोगों को विशेष सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि अनजान लिंक, फर्जी कॉल, लॉटरी/इनाम, केवाईसी अपडेट या बैंक अधिकारी बनकर की जाने वाली ठगी से सावधान रहें। किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना देने हेतु प्रेरित किया, ताकि समय रहते आवश्यक कार्यवाही की जा सके साथ ही युवाओं से अपील की कि सोशल मीडिया का प्रयोग जिम्मेदारीपूर्वक करें, भ्रामक सूचनाएं साझा न करें तथा अफवाहों से दूर रहें। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दे। इस अवसर पर मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से संबंधित पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया। उपस्थित महिलाओं व युवतियों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा सुरक्षा उपायों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों एवं निजी संस्थाओं द्वारा अपने–अपने स्टॉल लगाए गए। इनमें बैंक एवं फाइनेंस कंपनियां, कृषि विभाग, कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम, कपिला पशु आहार, पराग डेयरी, हीरो बाइक, कोको एसोसिएट सोलर सहित अन्य संस्थाएं शामिल रहीं। इन स्टॉलों के माध्यम से लोगों को योजनाओं, उत्पादों एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा संभ्रांत नागरिकों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया। ”गांव महोत्सव“ में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, महिलाओं, युवाओं व छात्र–छात्राओं की उपस्थिति रही। उपस्थित लोगों ने विभिन्न स्टॉलों पर पहुंचकर जानकारी प्राप्त की।

गोण्डा पुलिस द्वारा इस प्रकार के आयोजनों को जनता के बीच संवाद और विश्वास बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताते हुए भविष्य में भी आमजन के साथ निरंतर जुड़ाव बनाए रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

मीडिया सेल, गोण्डा।

**<u>प्रेस नोट</u>**
**<u>दिनांक 12.02.2026</u>**

## अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी द्वारा एस0पी0ई0एल0 कार्यक्रम के तहत छात्र/छात्राओं को पुलिस कार्यप्रणाली की दी गई जानकारी–

गोण्डा। आज दिनांक 12.02.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय द्वारा पुलिस कार्यलय में एस0पी0एल0 कार्यक्रम से जुड़े छात्र/छात्राओं हेतु उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान छात्र/छात्राओं को भारतीय पुलिस सेवा एवं प्रांतीय पुलिस सेवा में चयन की प्रक्रिया, भर्ती प्रणाली, प्रशिक्षण ढांचा, पदानुक्रम, तथा पुलिस अधिकारियों के दायित्वों एवं कर्तव्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त उन्हें पुलिस की दैनिक कार्यप्रणाली, कानून–व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, विवेचना, जनसुनवाई, आपदा अथवा आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस की भूमिका आदि विषयों से अवगत कराया गया। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को पुलिस नियंत्रण कक्ष, यूपी–112 आपातकालीन सेवा, नार्कोटिक्स सेल, विशेष जांच प्रकोष्ठ, स्थानीय अभिसूचना इकाई, मीडिया सेल सहित अन्य शाखाओं के कार्यों एवं जिम्मेदारियों की जानकारी दी गयी, जिससे छात्र/छात्राएं पुलिसिंग के विभिन्न आयामों को नजदीक से समझ सकें। महोदय द्वारा छात्र/छात्राओं को कानून का पालन करने, समाज में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने तथा पुलिस व जनता के बीच सकारात्मक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उन्हें भविष्य में पुलिस सेवा सहित अन्य प्रशासनिक सेवाओं में करियर बनाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्र/छात्राओं द्वारा विभिन्न जिज्ञासाएं व्यक्त की गयीं, जिनका अधिकारियों द्वारा संतोषजनक समाधान किया गया। प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए पुलिस विभाग के प्रति बेहतर समझ विकसित होने की बात कही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को पुलिस कार्यप्रणाली का व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर उन्हें जागरूक, जिम्मेदार एवं कानून के प्रति संवेदनशील नागरिक बनाना है।

**<u>मीडिया सेल, गोण्डा।</u>**

**<u>प्रेस नोट</u>**
**<u>दिनांक 12.02.2026</u>**

## पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा रामेश्वर नाथ धाम में आयोजित जनहित मेले में प्रतिभाग कर आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं, मिशन शक्ति एवं साइबर सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक–

गोण्डा। आमजन तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा नागरिकों को स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं जागरूकता से जोड़ने के उद्देश्य से आर0एन0 सिन्हा फाउंडेशन के तत्वावधान में रामेश्वर नाथ धाम, ग्राम पयागपुर नौबस्ता, थाना वजीरगंज क्षेत्र में जनहित मेले का तीन दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल, वामासारथी संघ की अध्यक्षा डॉ० तन्वी जायसवाल तथा अंडर ट्रेनिंग आई0एफ0एस0 अधिकारी सुश्री प्रिया अग्रवाल द्वारा प्रतिभाग किया गया। मेले में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक, छात्र–छात्राएं, अभिभावक एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। जनहित मेले के माध्यम से आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ–साथ उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया। मेले में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड बनवाने एवं सत्यापन हेतु विशेष स्टॉल लगाए गए थे, जहां पात्र लाभार्थियों को योजना से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। चिकित्सकों की टीम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया। इसके अतिरिक्त महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान से संबंधित जानकारी देने हेतु अलग स्टॉल स्थापित किए गए थे। पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा मेले में लगाए गए सभी स्टॉलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा लाभार्थियों से संवाद कर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी तथा संबंधित विभागों एवं कर्मियों का उत्साहवर्धन किया गया। महोदय द्वारा बताया गया कि ऐसे आयोजन शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आर0एन0 सिन्हा फाउंडेशन द्वारा क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान किए जाने के उद्देश्य से ज्ञान–विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा एवं वामासारथी संघ की अध्यक्षा द्वारा बच्चों को परीक्षा शीट वितरित की गई तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा गया कि परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प ही सफलता की कुंजी है। महोदय द्वारा बच्चों को निरंतर अध्ययन करने, अपने माता–पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने तथा समाज व राष्ट्र के निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु संचालित हेल्पलाइन नंबरों, जैसे 1090, 181, 112 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बिना संकोच तत्काल पुलिस से संपर्क करें, पुलिस हर समय सहायता के लिए तत्पर है साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए आमजन को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने के जोखिम, सोशल मीडिया पर अंजान व्यक्तियों से संपर्क, निवेश के नाम पर धोखाधड़ी आदि से बचने के उपाय बताए। महोदय द्वारा विशेष रूप से युवाओं एवं छात्रों से अपील की कि इंटरनेट का उपयोग सावधानीपूर्वक करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय से सीधे संवाद कर अपनी जिज्ञासाएं एवं समस्याएं साझा कीं। महोदय द्वारा सभी की बातों को गंभीरता से सुनते हुए उनका सरल, स्पष्ट एवं व्यवहारिक समाधान बताया गया।

**<u>मीडिया सेल, गोण्डा।</u>**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 12.02.2026**

**थाना को0 नगर पुलिस द्वारा जानलेवा हमला करने के 02 आरोपी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार–**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना को0 नगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0–111/2026 धारा 115(2),352,351(3),324(4),191(2),109(1) बीएनएस से सम्बन्धित 02 आरोपी अभियुक्तों–01.शेखर कुमार वर्मा उर्फ गोलू, 02. पवन मिश्रा उर्फ बब्लू को मिश्रौलिया ओवर ब्रिज के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण–**

दिनांक 03.02.2026 को वादी सौरभ सिंह पुत्र प्रदीप कुमार सिंह नि0 इमलिया गुरूदयाल थाना को0 नगर जनपद गोण्डा द्वारा थाना को0 नगर में लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 02.02.2026 को समय करीब दोपहर 01:30 बजे प्रार्थी को पुरानी रंजिश को लेकर शेखर वर्मा उर्फ गोलू, लिटिल वर्मा, शुभम वर्मा व एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा गाली–गलौज करते हुए लाठी–डण्डा, मुक्का, थप्पड़ व ईंट–पत्थर से मार–पीटा गया है। घटना में प्रार्थी व उसके साथी अर्पित श्रीवास्तव को गम्भीर चोटें आयी है। वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना को0 नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 12.02.2026 को थाना को0 नगर पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त 02 आरोपी अभियुक्तों– 01. शेखर कुमार वर्मा उर्फ गोलू, 02. पवन मिश्रा उर्फ बब्लू को मिश्रौलिया ओवर ब्रिज के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण–**

01.. शेखर कुमार वर्मा उर्फ गोलू पुत्र राजेन्द्र कुमार वर्मा नि0 इमिलिया गुरुदयाल थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।
02. पवन मिश्रा उर्फ बब्लू पुत्र स्व0 रमाकान्त मिश्रा नि0 न्यू जानकीनगर प्रजापति पुरम थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग–**

01. मु0अ0स0–111/2026 धारा 115(2),352,351(3),324(4),191(2),109(1) बीएनएस थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।

**गिरफ्तारकर्ता टीम–**

01. उ0नि0 अजय कुमार सिंह।
02. उ0नि0 उमाशंकर उपाध्याय।
03. हे0का0 इन्द्रासन गौड़।
04. हे0का0 रवि प्रकाश यादव।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**